उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 1789............... दिनांक /Date.: 22:01:2020.

(संवाद–23)

पदनाम–वन दरोगा पद के आवेदन पत्र के संबंध में।

हाल ही में समाचार पत्रों में यह खबर प्रकाशित हुयी थी कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पदनाम–वन दरोगा पद के लिए भर्ती प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में वन विभाग के माध्यम से उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को रिट याचिका संख्या–883/2018 में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 10.01.2020 की प्रति प्राप्त हुयी है। इस आदेश के अनुरूप मा0 उच्च न्यायालय द्वारा यह आदेश दिये गये है कि नियमावली के अनुरूप 33.33 प्रतिशत पदों को ही सीधी भर्ती से भरा जाये तथा मा0 उच्च न्यायालय के अगले आदेशों तक शेष पदों पर सीधी भर्ती न की जायें। इस प्रकार आवेदन की प्रक्रिया जारी रहेगी, पदों की अंतिम संख्या का निर्धारण इस मामले में मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों के अधीन रहेगा।

22/1/20

(संतोष बडोनी)
सचिव।

उत्कृष्टता पारदर्शिता वस्तुनिष्ठता

राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय परिसर, रिंग रोड़, लाडपुर, देहरादून उत्तराखण्ड Office Campus of State Election Commission, Ring Road, Ladpur, Dehradun, Uttarakhand

दूरभाष (कार्या0): 0135-2669658, फैक्स: 0135-2672902, वैबसाईट : www.sssc.uk.gov.in, ईमेल: chayanayog@gmail.com